जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

कोटा

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

कोटा, मंगलवार 24 दिसम्बर, 2024



## सार-समाचार

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**कोटा,** (निसं)। आर.के.पुरम सेक्टर-ऐ में स्थित गालव सामुदायिक भवन में 23 दिसंबर से 29 दिसंबर तक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। यह जानकारी प्रवक्ता पी.पी.गुप्ता ने दी। गुप्ता ने बताया कि कथा का वाचन व्यासपीठ आचार्य त्रतुराज शर्मा ने किया। कथा से पूर्व सुबह 11 बजे आरकेपुरम बालाजी धाम से बैण्डबाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो प्रमुख मार्गो से होती हुई कथा स्थल पर पहुंची, जगह-जगह पर पुष्पवर्षा की गई तथा महिलाएं मंगल गीत व नाचती हुई चल रही थी। कलश यात्रा में श्रवण पोथी यजमान दिनेश शर्मा परिवार ने सिर पर धारण की हुई थी तथा बग्गी में आचार्य व्यासपीठाचार्य त्रतुराज शर्मा बिराजमान थे। कथा के प्रथम दिवस पर व्यासपीठ आचार्य त्रतुराज शर्मा ने भागवत में कलश यात्रा का महत्व बताते हुए बताया कि जो भी भक्त सिर पर कलश धारण करता है, उसकी आत्मा पवित्र व निर्मल होती है। ऐसे भक्तों पर भगवान की विशेष कृपा होती है। कलश यात्रा में तीनों देव ब्रह्मा, विष्णु व महेश के साथ साथ 33 कोटिदेवी देवता स्वयं कलश में विराजमान होते हैं। आचार्य ने कथा में आगे बताया कि कलश को धारण करने वाले भक्त जहां से भी गुजरते हैं वहां की धरा स्वयं सिद्ध होती जाती है। कलश धारण से तमाम रोग दोष विकारों का भगवान हरण कर देते हैं। कथा व्यासपीठ का पूजन गौतम परिवार के दिनेश शर्मा सपत्निक ने पूजन करवाया। कथा का समय दोपहर एक बजे से सांय चार बजे तक रहेगा। कल की कथा में श्री शुकागमन, कुंती एवं भीष्म स्तुति व चतु:श्लोकी का वाचन किया जाएगा।

### बच्चे के गले की गांठ का जटिल ऑपरेशन

**कोटा,** (निसं)। कोटा के प्रसिद्ध मैत्री अस्पताल में गले की गांठ (8 बाई 7 इंच) का नायाब आपरेशन कर एक रिकार्ड बनाया है जो दुनिया में कहीं और नहीं है। सोमवार को मैत्री अस्पताल के निर्देशक डॉक्टर अशोक शर्मा ने बताया कि गत दिनों एक 1.5 साल का बच्चा दिखाने आया बच्चे के गले में 7 महीने से एक पैदाइशी गाँठ थी जो कि धीरे-धीरे बढ़ती जा रही थी। इसकी वजह से बच्चे को सांस लेने में काफी दिक्कते होने लगी। बच्चें को शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ.अशोक शारदा के माध्यम से मैत्री हॉस्पिटल में भर्ती कर, आवश्यक जांचों व सी.टी. स्कैन के बाद ऑपरेशन की सलाह दी गई थी परंतु बच्चे का हीमोग्लोबिन अत्यंत कम था तो परिजनों को ब्लड भी चढ़ाने का बताया गया था। शिशु विभाग के डॉ.नवनीत बागला ने जब ऑपरेशन को हरी झंडी दी तो बच्चे को तुरंत ऑपरेशन के लिए कान-नाक-गला सर्जन डॉ पुनीत सिंघवी और हैड-नैक सर्जन डॉ.पार्थ पाटनी को दिखाया गया। तब दोनों सर्जन्स ने निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ अनिल गर्ग से भी सलाह की और पूरे क्लोज सुपरविजन में उसका ऑपरेशन किया। अति हैरानी तो तब हुई जब यह गाँठ 'हैमांजिओमा' की निकली। जो गले की मुख्य नस जुगुलर वेन से एक छोटी नस द्वारा जुड़ी हुई है और सांस की नली के ऊपर दबाव बनाती बैठी हुई है। निकालने में बड़ा खतरा भी हो सकता है। यह देखते हुए बच्चे की तुरंत सर्जरी के दौरान ही कठिन निर्णय कर इसे सुरक्षित निकाल लिया गया।

### 'रक्तदान कई पुण्यों के बराबर'

**छबड़ा** (निसं)। स्ववितपोशित कॉलेज में रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में रक्तदान करने से होने वाले फायदे बताएं। प्रभारी डॉ. बिरधीलाल बैरवा ने बताया कि वर्तमान समय में अधिकांश दुर्घटनाएं घटित हो रही है, जिसमें दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को रक्त की आवश्यकता पड़ती है और बहुत सी बार ऐसी समस्या आ जाती है कि मरीजों को समय पर रक्त नहीं मिल पाता है और व्यक्ति समय पर रक्तदान करने नहीं पहुंच पाते हैं। जिससे व्यक्तियों को रक्त के अभाव में मृत्यु हो जाती है। इसी को मध्य नजर रखते हुए सोमवार को महाविद्यालय में युवाओं को रक्तदान करने हेतु प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आरसी मीणा ने की। डॉ. आशा भार्गव ने सभी छात्र-छात्राओं को रक्तदान करने के महत्व के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. आरसी मीणा ने रक्तदान से होने वाले फायदाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान करने से व्यक्तियों में नई रक्त कोशिकाएं बनती है और हार्ट अटैक की संभावनाएं कम हो जाती है। कैंसर के खतरे कम हो जाते हैं, वजन कम हो जाता है और लीवर से जुड़ी समस्याओं से व्यक्तियों को राहत मिलती है। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में 12 महीने में कम से कम एक बार रक्तदान करने और दूसरों से भी रक्तदान करवाने की प्रेरणा दी।

### निगम का हेल्पलाईन नम्बर स्थापित

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा दक्षिण क्षेत्राधिकार में साफ सफाई से संबंधित सामान्य शिकायतों के निवारण हेतु सामान्य हेल्पलाइन (0744-2505787) स्थापित किया गया है जो कि 24 घण्टे संचालित है जिसमे सामान्य साफ-सफाई से संबंधित शिकायतों का निस्तारण 8 घण्टे के भीतर करवाया जाएगा। आमजन साफ-सफाई से संबंधित शिकायत के समाधान के लिए हेल्पलाईन नम्बर 0744-2505787 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करवा सकते है। हेल्पलाईन नम्बर पर प्राप्त शिकायतकर्ता की शिकायत को ध्यान से सुनपुर वार्ड एवं स्थान को चिंहित कर समस्त शिकायतों का पंजीकरण कर सम्बन्धित अधिकारी को अवगत करवाया जाकर समाधान करवाया जाएगा। हेल्पलाइन कार्मिक के द्वारा शिकायत की सूचना संबंधित स्वास्थ्य निरीक्षक को दूरभाष एवं वाट्सएप्प के माध्यम से भेजी जाएगी। संबंधित स्वास्थ्य निरीक्षक एवं वार्ड जमादार द्वारा तुरन्त शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर शिकायत का निस्तारण किया जाएगा एवं निस्तारण की सूचना से हेल्पलाईन कार्मिकों को पुन: अवगत कराया जाएगा।

### कोटा महोत्सव के साथ साफा-डे शुरू

**कोटा,** (निसं)। कोटा महोत्सव के आगाज का वह क्षण अनूठा बन पड़ा जब वहां मौजूद जन समूह साफा धारण कर अपनी परम्पराओं और विरासत के सम्मान को मानो अपने मस्तक पर रख गौरवान्वित हो रहा था। इस नवाचार ने कोटा महोत्सव को एक नया कलेवर दे डाला। जहां देखो वहीं रंग-बिरंगे साफे पहने कोटावासी नजर आ रहे थे। महिलाओं ने भी साफे पहनने में खूब रुचि दिखाई। जिला कलेक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी की पहल पर कोटा महोत्सव के तीनों दिन साफा-डे घोषित करते हुए सभी से आयोजनों एवं कार्यस्थल पर साफा पहनकर आने का अनुरोध किया। कोटावासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए बड़े चाव के साथ चुनरी, लहरिया और रंग-बिरंगे साफे धारण किए। गणेश मंदिर परिसर में साफा बांधने की व्यवस्था भी की गई। जहां साफे बंधवाने की होड़ लगी रही। विभिन्न आयोजनों में लोग साफा पहनकर आए। वहीं, राजकीय कार्यालयों एवं अन्य कार्यस्थलों पर भी आमजन साफा पहनकर आएं।

### कोटा संभाग की टीम ने मेडल जीते

**कोटा,** (निसं)। 11वीं अंतर संभागीय राजकीय सिविल प्रतियोगिताओं में कोटा संभाग की टीम ने एक सिल्वर मेडल एवं तीन ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। बास्केटबॉल में कोटा की टीम ने जयपुर संभाग को हराकर ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। वहीं क्रिकेट में बांसवाड़ा टीम को 30 रन से हराकर ब्रॉन्ज मेडल स्थान प्राप्त किया। कोटा संभाग के क्रिकेट मैनेजर प्रवीण सुमन ने बताया कि टेनिस खिलाड़ी राघवेंद्र सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच जीतकर ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। पूरी प्रतियोगिता के दौरान क्रिकेट में नरेश नामा, शाहबाज खान, आशीष शर्मा, विशाल गौतम, संजय भारती ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं बास्केटबॉल में कप्तान उज्ज्वल शर्मा, पंकज, रजत ने पूरी प्रतियोगिता के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। टेबल टेनिस में चित्रेश, अनुराग, राजेश ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

### शोभायात्रा के साथ श्रीराम कथा प्रारम्भ

**कोटा,** (निसं)। हनुमान सेवा समिति अयोध्या की ओर से सोमवार को सब्जीमंडी स्थित सुंदर धर्मशाला से कलश यात्रा निकाली गई। जो कलश यात्रा गीता भवन पर संपन्न हुई। इस दौरान 500 से अधिक महिलाओं ने चुनरी पहने सिर पर कलश रखकर भाग लिया।

### समाधान की मांग

**छबड़ा** (निसं)। पूर्व पार्षद ने बाहरी दरवाजे से कब्रिस्तान जाने वाले मार्ग पर मोटर से बह रहे पानी से आमजन को आ रही परेशानियों के मद्देनजर समस्या का समाधान करवाने की मांग की है। पूर्व पार्षद खालिद राणा ने बताया कि बाहरी दरवाज़े से ईदगाह व क़ब्रिस्तान की ओर जाने वाले मार्ग पर काफी समय से रास्ते मे लगी मोटर से पानी बहता है जिससे लोगो को काफी समस्या का सामना करना पड रहा है।

### दो दिन नीलामी अवकाश

**छबड़ा** (निसं)। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को क्रिसमस डे व 28 दिसम्बर को माह का चौथा षनिवार होने के कारण बैंक बंद रहने के चलते नीलामी अवकश रहेगा। यह जानकारी ग्रेन मर्चेंट एसोसिएषन अध्यक्ष किषन कालरा ने दी है।

# अर्चन-वंदन के साथ ''कोटा महोत्सव''की शुरूआत

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने खड़े गणेशजी मंदिर में गणपति पूजन-वंदन के साथ शुभारंभ किया

- हमारी समृद्ध विरासत, परंपराओं और संस्कृति का उत्सव है ''कोटा महोत्सव''
- 2025 कोटा के लिए विकास और प्रगति का नया अध्याय लेकर आएगा : ओम बिरला



कोटा महोत्सव के तहत पहले दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

**कोटा,** (निसं)। हाड़ौती के अनूठे सांस्कृतिक पर्व कोटा महोत्सव का उल्लास के वातावरण में सोमवार को शुभारंभ हुआ। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने खड़े गणेशजी मंदिर में प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश की पूजा अर्चना के बाद कोटा महोत्सव का शुभारंभ किया।

गणपति वंदना और कथक नृत्य की मनोरम प्रस्तुतियों के बीच तीन दिवसीय कोटा महोत्सव आरंभ हो गया। यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए ऐतिहासिक क्षण है जब हम इस कोटा की समृद्ध विरासत, परंपराओं और संस्कृति का उत्सव मनाने जा रहे हैं। हमारा कोटा, जहां हर कोने में ऊर्जा, उत्साह और नई संभावनाओं की लहर है, अब अपनी विशिष्ट पहचान को और सुदृढ़ करने की ओर अग्रसर है। यह आयोजन न केवल कोटा के प्रत्येक नागरिक को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ने का एक सुनहरा अवसर देगा, बल्कि इसकी विकास यात्रा और वैश्विक पहचान को भी रेखांकित करेगा।

बिरला ने कहा, मुझे विश्वास है कि यह कोटा महोत्सव हमारी परंपराओं के संरक्षण और उनकी आधुनिक संदर्भों में प्रस्तुति का प्रतीक भी बनेगा। मैं आशा करता हूँ कि आने वाले सालों में यह महोत्सव न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश की शान बनेगा। कोटा, जिसने शिक्षा के क्षेत्र में खुद को स्थापित किया है, अब संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में भी अपना परचम लहराएगा।

**2025 होगा संकल्प की सिद्धि का वर्ष:-** लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि वर्ष 2025 कोटा के लिए विकास और प्रगति का नया अध्याय लेकर आएगा। यह नववर्ष हमारे संकल्पों को साकार करने का वर्ष होगा और कोटा-बूंदी सहित पूरे हाड़ौती क्षेत्र के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। उन्होंने आयोजन से जुड़े समस्त संस्थाओं को धन्यवाद देते हुए हाड़ौतीवासियों से आग्रह किया कि वे इस महोत्सव में उत्साहपूर्वक सहभागी बनें।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, कबीर आश्रम के संत, जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृत दुहन सहित गणमान्य जन राकेश जैन, आयोजन समिति पदाधिकारी अशोक माहेश्वरी, क्रांति जैन, नितिन विजय, डॉ साकेत गोयल सहित आयोजन से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

बाल नृत्यांगनाओं ने की गणपति स्तुति-समारोह में त्रिनेत्र कथक संस्थान की निदेशक अंतर्राष्ट्रीय कलाकार गरिमा भार्गव के निर्देशन में बाल नृत्यांगनाओं ने गणपति स्तुति प्रस्तुत की। गणपति की आराधना के स्वरों में डुबे माहौल में सभी अभिभूत हुए। लोकसभा अध्यक्ष ने कलाकार गरिमा भार्गव एवं दल का अभिनंदन किया। समारोह का मंच संचालन पुरूषोत्तम शर्मा एवं लक्ष्मी देवी ने किया।

## लूट का आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि गुमानपुरा थाना इलाके में पुलिस की वर्दी पहनकर एक फाईनेंस कर्मचारी से 36 लाख लूट का मामला सामने आने के बाद फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश के लिए शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन में पुलिस उपअधीक्षक योगेश शर्मा एवं गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में पुलिस टीम व साइबर टीम का गठन किया गया। शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि गठित टीम के पुलिस कर्मियों ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगभग 3000 सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगालें। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य-सूचना संकलन के आधार पर कोटा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी का लुधियाना पंजाब से पीछा करते हुए आरोपी पंजाब निवासी संजीव चौपड़ा उर्फ शेरा (44) को पानीपत हरियाणा में डिटेन कर बापर्दा गिरफ्तार किया। शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में नीरज बवाना गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि एशो-आराम और महंगे शौक के लिए वारदात को अंजाम दिया था। पकड़े गये आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी डबल मर्डर लूट व डकैती के दर्जन मुकदमें दर्ज है।

# वरिष्ठ नागरिकों को अलंकृत किया


कोटा में भारत पेंशनर्स समाज ने वरिष्ठ नागरिकों को अलंकृत किया।

**कोटा,** (निसं)। भारत पेंशनर्स समाज कोटा शाखा द्वारा पेंशनर दिवस के उपलक्ष में भव्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। भारत पेंशनर्स समाज कोटा शाखा का पेंशनर दिवस वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन के श्री उमराव मल पुरोहित हॉल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता खुशीरामसिंह चौधरी की।

मुख्यअतिथि का पद अध्यक्ष नागरिक सहकारी बैंक राजेश कृष्ण बिरला ने सुशोभित किया। अति-विशिष्ट अतिथि मथुरा से आए पूर्व विधायक प्रणत पाल सिंह, राजकुमार प्रजापत वरिष्ठ मंडल लेखा अधिकारी, रेलवे सुशोभित रहे। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के पद पर अरविंद सिसोदिया, प्रन्यासी पाठ्यपुस्तक मंडल राजस्थान सरकार राजाराम कर्मयोगी, कर्मयोगी साहित्य सेवा संस्थान शोभायमान थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ रघुराज सिंह कर्मयोगी ने किया। इस अवसर पर संस्थान ने 25 ऐसे वरिष्ठ नागरिकों को अलंकृत किया जो अपने जीवन के 75,80,85,90 या 95 वर्ष पूरा कर चुके हैं। सम्मान पाकर सभी अत्यंत प्रसन्न नजर आ रहे थे। उन्होंने दोनों हाथ उठाकर संस्था को आशीर्वाद दिया। राजेश बिरला ने अपने संबोधन में कहा कि बुजुर्ग व्यक्ति अनुभव का खजाना होते हैं। युवाओं को उनके अनुभवों से लाभ उठाना चाहिए। जिससे वह आने वाले संकटों का सामना कर सकते हैं।

श्री प्रणतपाल सिंह ने कहा कि बुजुर्गों को हमने सम्मानित नहीं किया, बल्कि हम उनकी उपस्थिति से सम्मानित और गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। इनके मार्गदर्शन में देश बहुत आगे जा सकता है। तरक्की कर सकता है। इसी प्रकार अरविंद सिसोदिया ने कहा कि बुजुर्ग व्यक्तियों ने जो देश की सेवा की है उसी के कारण आज हम 21वीं सदी में विकसित देशों की लाईन में आकर खडे हो गए हैं। संस्था के अध्यक्ष खुशीराम चौधरी ने अपने संबोधन में संस्था की गतिविधियों का विवरण पेश किया। संस्था अब तक 115 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित कर चुकी है। स्वादिष्ट भोजन करने के बाद सभा समाप्त की गई।

## थर्मल गेट पर महिला कार्मिकों ने धरना दिया

**कोटा,** (निसं)। ऊर्जा निगम और केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के बीच किये जा रहे जेवी रूपी निजीकरण के विरोध में राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम अभियंता कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले कोटा थर्मल में 63 दिन से लगातार एक घंटा कार्य बहिष्कार व आक्रोश प्रदर्शन और 14 दिन से धरना जारी है। अपनी नौकरी पर मंडराते खतरे के कारण थर्मल की महिला कार्मिकों में भी जेवी के विरुद्ध भारी आक्रोश है, और आन्दोलन में जोश और जूनून के साथ डटकर मुकाबला कर रहीं है। थर्मल गेट पर लगातार चल रहे धरने का 14वां दिन महिला शक्ति के नाम रहा अचानक बदला मौसम भी महिलाओं के जोश को नहीं डिगा पाया और ठण्ड के मौसम में भी महिलायें धरने के मोर्चे पर डटी रहीं। सोमवार को धरने पर सहायक अभियन्ता मीरा भाकर, कमल सैनी, कनिष्ठ अभियन्ता शिल्पी शर्मा, ऑपरेटर भाविका यादव और प्रियंका शर्मा ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की अन्य महिला कार्मिकों ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर जेवी के विरुद्ध नारे लगाकर आक्रोश व्यक्त किया।

# कोटा में पढ़ने वाला हर स्टूडेंट लकी, जिसे इतने अच्छे टीचर्स और ऐसा माहौल मिल रहा है : मैथिली ठाकुर


कोटा में गायिका मैथिली ने एलन स्टूडेंट्स को मोटिवेट किया।

**कोटा,** (निसं)। कोटा के बारे में बहुत सुना। यहां की कोचिंग तो कमाल है। मुझे लगता है यहां पढ़ने वाले आप सब स्टूडेंट लकी हैं, क्योंकि आपको इतने अच्छे टीचर्स और ऐसी सुविधाएं मिल रही है। ऐसा माहौल सभी को नहीं मिलता। यह कहना है विख्यात भजन व लोकगीत गायिका मैथिली ठाकुर का।

कोटा महोत्सव के तहत कोटा आई भजन व लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने सोमवार को एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में स्टूडेंट्स को मोटिवेट किया। इंद्रविहार स्थित समर्थ कैम्पस के सद्भाव सभागार में मैथिली ठाकुर अपने पिता व भाई के साथ स्टूडेंट्स के बीच संवाद करने पहुंची। इस दौरान एलन के निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी व डॉ.नवीन माहेश्वरी ने मैथिली एवं परिजनों का स्वागत किया। इसके बाद मैथिली ने स्टूडेंट्स से बातचीत करते हुए कहा कि निरन्तरता ही सफलता की कुंजी है। मैं पिता के साथ कई वर्षों तक कई ऑडिशन देने पहुंची। उत्साह से जाते थे और निराश होकर आते थे लेकिन अपने प्रयास जारी रखे। इसके बाद 2017 में संकल्प लिया कि रोजाना यू-ट्यूब पर कुछ पोस्ट करूंगी। सिलसिला जारी है और निरन्तरता ने मुझे आगे बढ़ाया। घर पर संगीत का अध्ययन किया। आप जो काम कर रहे हैं, उससे प्रेम करें, उसे मन से करें और लगातार करते रहें तो आपको संतुष्टि मिलेगी वही सफलता है। आज हम एक परीक्षा पास करते हैं फिर दूसरी फिर तीसरी, इंजीनियरिंग कर लेंगे तो आईएएस बन जाएंगे फिर लगेगा कि कुछ मन का करना है तो वहीं आ जाएंगे।

# कोटा मण्डल में मजदूर संघ ने विजय जुलूस निकाला

- 'कर्मचारियों की जिम्मेदारी मजदूर संघ के कंधों पर'


मजदूर संघ ने विजय जुलूस निकाला।

**कोटा,** (निसं)। रेलवे में यूनियनों के मान्यता के लिए हुए चुनावों के परिणामों के पश्चात वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा कोटा मण्डल पर केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की मीटिंग एवं विशाल विजय जुलूस का आयोजन किया गया। जिसमें कोटा मण्डल की सभी शाखाओं के पदाधिकारी और रेल कर्मचारियों ने जनसैलाब के उत्साह के साथ विजय जुलूस का आनन्द लिया।

विजय रैली में जोनल अध्यक्ष सी.एम.उपाध्याय, जोनल महामंत्री अशोक शर्मा, कोटा मण्डल के मण्डल सचिव अब्दुल खालिक, सहित कोटा मण्डल के कोने-कोने से आये रेल कर्मचारी एवं पदाधिकारी पूरे जोश एवं उत्साह के साथ उपस्थित हुए, विजय जुलूस रेलवे अण्डरपास से आरम्भ हुआ जो कि राममन्दिर, भीमगंजमण्डी बाजार से होकर मण्डल कार्यालय के समक्ष आमसभा में परिवर्तित हो गया।

संघ प्रवक्ता विमल मित्तल ने बताया कि विजय जुलूस में कोटा मण्डल की सभी शाखाओं के पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं सहित महिला पदाधिकारी भी शामिल थी। जुलूस मे रेल कर्मचारियों में जबर्दस्त उत्साह एवं जीत की खुशी देखते ही बन रही थी, जूलूस का एक छोर रेलवे अंडरब्रिज रोड पर था एवं दूसरा छोर बजरिया क्षेत्र मे था।

मण्डल सचिव अब्दुल खालिक ने बताया कि रेल कर्मचारियों ने जिस तरह खुले दिल से साथ दिया है उसको हमे और आगे बढ़ाना होगा। डिविजन मे 15 हजार कर्मचारी एवं जोन मे 52 हजार कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व अब हम सभी को करना होगा।

जोनल महासचिव अशोक शर्मा ने बताया कि 'मैं 52 हजार कर्मचारियों का हृदय से अभिवादन करता हूँ जिन्होंने हम पर विश्वास और भरोसा जताया।' उन्होने यह भी कहा कि बड़ी-बड़ी बाते करने वाले लोगों को रेल कर्मचारियों ने आज मान्यता से ही दूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि आज रेल कर्मचारियों ने जो विश्वास दिखाया है, उन सभी को साथ लेकर रेल हित में कर्मचारी हित में रेल कर्मचारियों के परिवारों के हित में कार्य करेंगे। यह जीत सभी रेल कर्मचारियों की जीत है।

संघ का एक-एक कार्यकर्ता जिन मुद्दों पर इस चुनाव को लड़ा गया है उन मुद्दों पर लगातार कार्य करेगा। संघ प्रतिबद्ध है कि कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिले, आठवे वेतन आयोग की घोषणा हो, एलडीसीई ओपन टू ऑल हो और सभी कर्मचारियों को हार्डशिप भत्ता मिले क्योंकि ये वही रेल कर्मचारी है जिन्होने कोविड काल में लॉकडाउन में भी रेलगाड़ियां चलाई है।

वे.से.रे.म.संघ के जोनल अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय ने अपने सम्बोधन में कहा कि कुछ संगठन छदम रूप से चुनाव लड रहे थे, सरकार का एजेन्डा है कि कर्मचारियों की एकता को तोड़ा जाये वे उसे सफल बनाना चाहते थे किन्तु रेल कर्मचारियों ने ऐसे संगठनों को भी आईना दिखाया है।

सभा में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष अनुज तिवारी, जोनल कोषाध्यक्ष कमलेश परिहार, भोपाल मण्डल के मण्डल सचिव राजेश पाण्डे, जबलपुर मण्डल के मण्डल सचिव डी.पी. अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष जबलपुर एस.एन. शुक्ला, संयुक्त महासचिव सतीष कुमार, बी एल मिश्रा, आर के शर्मा, महिला उपाध्यक्ष डिंपल नायर, अनिता गोचर, अमृत कौर, सविता त्रिपाठी उपस्थित रहे।


**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-एफ15/कृ.भू.रू./2024/3007 विज्ञप्ति दिनांक 23.12.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कुन्हाडी योजना गिरधर एनक्लेव खसरा नं. 165 में स्थित भूखण्ड संख्या 39 के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्री रवि चौपड़ा पुत्र स्व. श्री प्रहलाद चौपड़ा निवासी-मकान नं. 39, गिरधर एनक्लेव कुन्हाडी कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 6552 दिनांक 06.10.2009 को श्री कन्हैयालाल पुत्र स्व. श्री चम्पालाल के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टेधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जर्ये मुख्तारआम श्री मोहन लाल सुमन पुत्र श्री मोडूलाल द्वारा जर्ये रजि. विक्रय पत्र से श्री प्रहलाद चौपड़ा पुत्र श्री लादूराम जाट को कर दिया गया था। श्री प्रहलाद चौपड़ा के पक्ष में नाम हस्तांतरण आदेश क्रमांक 13 दिनांक 09.04.2013 को जारी कर दिया गया था। आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र के अनुसार श्री प्रहलाद चौपड़ा की मृत्यु दिनांक 06.08.2019 को हो चुकी है। नाम हस्तांतरी की मृत्यु उपरांत विधिक वारिसान (1) श्रीमती गोपाली चौपड़ा (2) श्री जितेन्द्र चौपड़ा एवं (3) श्रीमती हेमलता चौपड़ा द्वारा आवेदक के पक्ष में पंजीकृत हक-त्याग दिनांक 24.01.2024 को कर दिया गया है। आवेदक द्वारा हक-त्याग, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्रों के आधार पर अपने पक्ष में नाम हस्तांतरण चाहा गया है।

अत: श्री रवि चौपड़ा पुत्र स्व.श्री प्रहलाद चौपड़ा के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उप सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 4522 जाहिर आम सूचना दिनांक - 23.12.24

आवास संख्या 3-घ-32 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री पुष्कर लाल पुत्र श्री कालू राम को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री पुष्कर लाल पुत्र श्री कालू राम के नाम दिनांक 31.05.1990 को किया गया। पंजीयन उपरांत श्री पुष्कर लाल पुत्र श्री कालू राम द्वारा उक्त आवास का दान जरिये दान पत्र आलेखित कर दिनांक 30.07.2012 को इनके भतीजे श्री राजीव अरोडा पुत्र श्री मदन लाल को किया गया। श्री राजीव अरोडा पुत्र श्री मदन लाल का नाम दिनांक 14.11.2022 को दान पत्र के आधार पर उक्त आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्री राजीव अरोडा पुत्र श्री मदन लाल द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 16.03.2023 को श्रीमती जुबेदा बेगम अंसारी पत्नी श्री अब्दुल सलाम अंसारी को किया गया। श्रीमती जुबेदा बेगम अंसारी पत्नी श्री अब्दुल सलाम अंसारी का नाम दिनांक 27.04.2023 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया है। तत्पश्चात श्रीमती जुबेदा बेगम अंसारी पत्नी श्री अब्दुल सलाम अंसारी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 18.09.2024 को श्री अब्दुल खालिद पुत्र श्री अब्दुल समद को किया गया। श्री अब्दुल खालिद पुत्र श्री अब्दुल समद द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-घ-32 विज्ञान नगर कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री अब्दुल खालिद पुत्र श्री अब्दुल समद का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री अब्दुल खालिद पुत्र श्री अब्दुल समद का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री अब्दुल खालिद पुत्र श्री अब्दुल समद के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 4523 जाहिर आम सूचना दिनांक - 23.12.24

आवास संख्या 1-ड-3 दादाबाड़ी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री परमानन्द गुप्ता पुत्र श्री रामदयाल को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री परमानन्द गुप्ता पुत्र श्री रामदयाल के नाम दिनांक 25.09.1990 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री परमानन्द गुप्ता पुत्र श्री रामदयाल की मृत्यु दिनाक 15.01.2024 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती ललिता गुप्ता पत्नी श्री धर्मेन्द्र गुप्ता पुत्री स्व. श्री परमानन्द गुप्ता, श्रीमती सीमा वार्ष्णेय पत्नी श्री गोपाल वार्ष्णेय पुत्री स्व. श्री परमानन्द गुप्ता एवं श्री मनोज कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्री परमानन्द गुप्ता द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्सों का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 21.11.2024 को श्रीमती सरला गुप्ता पत्नी स्व. श्री परमानन्द गुप्ता एवं श्री ललित गुप्ता पुत्र स्व. श्री परमानन्द गुप्ता के पक्ष में संयुक्त रुप से किया गया। श्रीमती सरला गुप्ता पत्नी स्व. श्री परमानन्द गुप्ता एवं श्री ललित गुप्ता पुत्र स्व. श्री परमानन्द गुप्ता द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-ड-3 दादाबाड़ी कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर संयुक्त रुप से करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती सरला गुप्ता पत्नी स्व. श्री परमानन्द गुप्ता एवं श्री ललित गुप्ता पुत्र स्व. श्री परमानन्द गुप्ता के नाम संयुक्त रुप से करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती सरला गुप्ता पत्नी स्व. श्री परमानन्द गुप्ता एवं श्री ललित गुप्ता पुत्र स्व. श्री परमानन्द गुप्ता के नाम संयुक्त रुप से किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती सरला गुप्ता पत्नी स्व. श्री परमानन्द गुप्ता एवं श्री ललित गुप्ता पुत्र स्व. श्री परमानन्द गुप्ता के नाम संयुक्त रुप से कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)**

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2024/14675 दिनांक: 23.12.24

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अख्तर हुसैन अंसारी व श्री जाहिद हुसैन अंसारी एवं श्री मुख्तार हुसैन अंसारी पिसरान स्व. श्री मोहम्मद हुसैन अंसारी निवासी-282 शोपिंग सेन्टर कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में स्वयं के नाम भूखंड संख्या-282 शोपिंग सेन्टर कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। भूखंड संख्या-282 शोपिंग सेन्टर कोटा क्षेत्रफल 1600 वर्गफुट का आवंटन कार्यालय मण्डी कमेटी चम्बल योजना कोटा के क्रमांक : 1117/mck दिनांक 28.02.1961 से श्रीमती शान्ता देवी पत्नी श्री आर.सी. भाटिया को किया गया। श्रीमती शान्ता देवी पत्नी श्री आर.सी. भाटिया द्वारा श्री मोहम्मद हुसैन साहब अंसारी पुत्र श्री करीम भाई इन्कम टेक्स प्रेक्टीशनर दिनांक 21.09.1971 से विक्रय किया गया है। श्री मोहम्मद हुसैन साहब अंसारी पुत्र श्री करीम भाई इन्कम टेक्स प्रेक्टीशनर व श्रीमती कनीज फातिमा पत्नी श्री मोहम्मद हुसैन अंसारी ने उक्त भूखंड की वसीयत वसीयतनामा दिनांक 26.01.2016 से श्री अख्तर हुसैन अंसारी व श्री जाहिद हुसैन अंसारी एवं श्री मुख्तार हुसैन अंसारी पिसरान स्व. श्री मोहम्मद हुसैन अंसारी के नाम कर दी है। श्री अख्तर हुसैन अंसारी व श्री जाहिद हुसैन अंसारी एवं श्री मुख्तार हुसैन अंसारी पिसरान स्व. श्री मोहम्मद हुसैन अंसारी के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

**कार्यालय ग्राम पंचायत, बाड़ौलिया**


पंचायत समिति-भैंसरोड़गढ़, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक : ग्रा.पं.बा. 79/2024 दिनांक - 20.12.2024

आपत्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बाड़ौलिया में श्री रामलाल पिता देवराज राव जाति चारण (राव) निवासी झालरबावडी के बुक संख्या 01 पट्टा संख्या 006 दिनांक 20.3.2023 द्वारा पट्टा जारी किया गया है, जिसका खसरा सं. 245 है जिसका नजरी नक्शा निम्नानुसार है।

| | | |
|---|---|---|
| (1) उत्तर | - अशोक अहीर का प्लाट | 37 फीट |
| (2) दक्षिण | - विकास जैन का मकान | 37 फीट |
| (3) पूर्व | - रास्ता | 41 फीट |
| (4) पश्चिम | - स्वयं का मकान पट्टा सं. 8557 | 41 फीट |
| | कुल- 1517 वर्गफीट | |




इनका आवेदन उक्त आवासीय पट्टे को व्यवसायिक कराने के लिए प्राप्त हुआ है। अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति के एक (1) माह में अपनी आपत्ति ग्रा.पं. कार्यालय में कार्यालय समय में दर्ज करा सकते है अन्यथा बाद में उक्त पट्टे सं. 006 को व्यवसायिक दर्ज करने हेतु अनुमोदन किया जावेगा।

सरपंच ग्राम पंचायत बाड़ौलिया पंचायत समिति भैंसरोड़गढ़, चित्तौड़गढ़

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 | वर्षः 50 | संख्याः 71 | प्रभात | कोटा, मंगलवार 24 दिसम्बर, 2024 | कोटा/24/2012-14 | पृष्ठ 8 | मूल्य 2.50 रु.

## बाँग्लादेश ने भारत से लिखित में ''डिमाण्ड'' की पूर्व प्र.मंत्री हसीना को सौंपने के लिये

### हालांकि, बाँग्लादेश की इस ''डिमाण्ड'' का कोई संवैधानिक व कूटनीतिक महत्व नहीं है, क्योंकि बाँग्लादेश की सरकार स्वयं किसी संवैधानिक प्रक्रिया से गठित नहीं हुई है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर। बाँग्लादेश ने भारत विरोधी स्वर और तेज कर दिए है और कई क्षेत्रों में भारत के प्रति नाराज़गी जता रहा है।

बाँग्लादेश अच्छी तरह जानता है कि भारत पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को उसके सुपुर्द नहीं करेगा, उसके बाद भी बाँग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारत को डिप्लोमैटिक नोट भेज कर मांग की है कि पूर्व प्रधानमंत्री को बाँग्लादेश को लौटाया जाए।

बाँग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने अपने पत्रकारों को बताया कि पड़ोसी देश को शेख हसीना को सौंपे जाने के लिए नोट भेजा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने ऐसा नोट मिलने की पुष्टि की, पर प्रवक्ता ने इस पर कोई भी टिप्पणी करने से मना कर दिया।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया कि शेख हसीना को बाँग्लादेश के सुपुर्द किया जाएगा या नहीं।

- **पर, बाँग्लादेश की यह ''डिमाण्ड'' इस बात का प्रमाण है कि बाँग्लादेश एक के बाद एक ऐसे निर्णय लेता जा रहा है जो भारत के लिये दिक्कत उत्पन्न करें।**
- **शेख हसीना के अपदस्थ होने से पहले, बाँग्लादेश पूरी तरह सहयोग करता था, भारत विरोधी आतंकवादियों को पकड़ने व कैद करने में। पर, अब बाँग्लादेश ने उन सभी आतंकवादियों को जेल से रिलीज़ कर दिया और स्वतंत्र छोड़ दिया है, जो भारत विरोधी आतंकवादी गतिविधियों के कारण बाँग्लादेश की जेल में बंद थे।**
- **बाँग्लादेश ने पाकिस्तान की ओर मित्रता का हाथ बढ़ाया है और बाँग्लादेश के अफसरों को आदेश दिये गये हैं कि भारत से माल का आयात बंद करें तथा पाकिस्तान व अन्य मुस्लिम देशों से माल मंगायें।**
- **बाँग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस हाल ही में पाकिस्तान के प्र.मंत्री शाहबाज़ शरीफ से कैरो में मिले तथा पाकिस्तान के मालवाहक जहाज अब चटगांव पहुँचने लगे हैं।**

शेख हसीना के बाँग्लादेश छोड़ने के बाद, देश निर्वाचित सरकार की बजाय सेना द्वारा नियुक्त सलाहकारों द्वारा चलाया जा रहा है। नोबल अवॉर्ड विजेता मोहम्मद यूनुस प्रधान सलाहकार हैं और निर्वाचित प्रधानमंत्री की तरह व्यवहार कर रहे हैं और कई उनके सहायक हैं, जो सरकार के विभिन्न विभाग संभाल रहे हैं।

बाँग्लादेशी सरकार का कहना है कि विभिन्न अपराधिक गतिविधियों के लिए शेख हसीना को अदालत का सामना करना है। बाँग्लादेश की एक संस्था इंटरनैशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने हसीना को उनकी सरकार के सदस्यों की गतिविधियों के लिए सम्मन भेजा है।

बाँग्लादेश की मौजूदा सरकार ने उन पर कई आरोप लगाए हैं, जिनमें सार्वजनिक फंड में गड़बड़ी करना भी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## प्र.मंत्री मोदी क्रिसमस उत्सव में शामिल हुए

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर। प्रधानमंत्री कार्यालय ने अपने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को कैथलिक विशप्स'' कॉन्फ्रैंस ऑफ इण्डिया (सी.बी.सी.आई.) द्वारा नई दिल्ली के सी.बी.सी.आई. सैन्टर में आयोजित क्रिसमस समारोह में शामिल हुये।

- **क्रिसमस उत्सव का आयोजन कैथलिक बिशप्स कॉन्फ्रैंस ऑफ इंडिया ने नई दिल्ली में किया था।**

प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री ईसाई समुदाय की प्रमुख हस्तियों, जिनमें कार्डिनल, बिशप तथा चर्च संस्था के प्रतिष्ठित लोग शामिल हैं, से बातचीत करेंगे।

## अडानी ग्रुप ने ''सिविल एविएशन'' (नागरिक उड्डयन) सैक्टर पर अपना शिकंजा और मजबूत किया

### देश की सबसे बड़ी ''मेन्टनैंस, रिपेयर व ओवरहॉल'' (रख-रखाव, मरम्मत) की, प्राइवेट सेक्टर की सबसे बड़ी कम्पनी ''एयर वर्क्स'' को 400 करोड़ रूपए में खरीदा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर। अडानी ग्रुप ने सोमवार को एयर वर्क्स के अधिग्रहण की घोषणा की, जो भारत में सबसे बड़ी प्राइवेट एविएशन, मैंटिनैंस, रिपेयर और ओवरऑल सर्विस फर्म है। अडानी ने इसे 400 करोड़ रूपए में खरीदा है। डील अडानी डिफैन्स सिस्टमस एण्ड टैक्नॉलजीस लिमिटेड (ए.डी.एस.टी.एल.) के मार्फत हुई जिसका कंपनी के 85.8 प्रतिशत शेयर है।

एयर वर्क्स 35 शहरों में सक्रिय है, जिसमें 1300 से ज्यादा प्रोफैशनल काम करते हैं। यह फिक्स्ड विंग एवं रोटैरी विंग एयर क्राफ्ट की सर्विस में विशेष रूप से दक्ष हैं। अधिग्रहण से अडानी की सिविल एवं डिफैन्स एविएशन में क्षमता बढ़ेगी जो कि ग्रुप के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

- **''एयर वर्क्स'' कंपनी का भारत के पैंतीस शहरों में काम काज, 1300 प्रोफैशनल अफसरों के मार्फत चलता है।**
- **अडानी ने पहले से ही देश के कई बड़े-बड़े एयर पोर्ट्स का संचालन अपने हाथों में ले रखा है तथा गुजरात के तट पर स्थित कई बंदरगाहों के संचालन में भी अडानी ग्रुप का काफी दखल है।**
- **अडानी एयर पोर्टस के निदेशक जीत अडानी ने बताया कि भारत में उड्डयन सैक्टर भारी उछाल पर है तथा भारत शीघ्र ही 1500 हवाई जहाज खरीदने जा रहा है। इस खरीद से भारत का ''एविएशन सैक्टर'', जो विश्व में फिलहाल तीसरे नम्बर है, और ऊपर पायदान पर चढ़ सकता है और हम (अडानी ग्रुप), भारत के आकाश में उड़ने वाली मशीनों के ''इकोसिस्टम'' को आकार देंगे।**

अडानी एयर पोर्ट्स के डायरैक्टर जीत अडानी ने भारत के एविएशन उद्योग के क्रांतिकारी विकास पर जोर दिया और कहा कि यह विश्व का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन उद्योग है। आगामी वर्षों में इसमें 1500 हवाई जहाज और जोड़े जाएंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मानवाधिकार आयोग ने भी ट्रेलर ब्लास्ट का प्रसंज्ञान लिया


जयपुर, 23 दिसंबर। राज्य मानवाधिकार आयोग ने अजमेर रोड पर एलपीजी ट्रेलर ब्लास्ट मामले में मुख्य सचिव, गृह सचिव, परिवहन आयुक्त, जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस आयुक्त और एनएचएआई अध्यक्ष को नोटिस जारी कर प्रकरण की रिपोर्ट और पीड़ितों को मुआवजा संबंधी जानकारी पेश करने को कहा है। इसके साथ ही, आयोग ने इन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने

- **मुख्य सचिव, गृह सचिव, परिवहन आयुक्त, जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस आयुक्त व एन.एच.ए.आई. अध्यक्ष से प्रकरण तथा पीड़ितों को मुआवज़े की जानकारी मांगी।**

को कहा है कि विधिक प्रावधानों की पालना कर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जाए। आयोग अध्यक्ष जस्टिस जीआर मूलचंदानी ने यह आदेश प्रकरण में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए दिए।

आयोग ने अपने आदेश में कहा कि निजी बसों में मानक के अनुकूल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



*प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, पटकथा लेखक और निर्माता श्याम बेनेगल का सोमवार को मुंबई में 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा। उनकी बेटी पिया बेनेगल ने बताया, वे लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। श्याम बेनेगल के नाम सबसे ज्यादा नेशनल अवॉर्ड जीतने का रिकॉर्ड है। उन्हें 8 फिल्मों के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। चौदह दिसंबर 1934 को हैदराबाद में जन्मे श्याम बेनेगल को साल 1976 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। इसके बाद उन्हें साल 1991 में पद्म भूषण भी मिला। साल 2005 में वे सर्वोच्च फिल्म पुरस्कार दादा साहब फाल्के अवॉर्ड से भी नवाज़े गए। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 'अंकुर' से की। इसके बाद रिलीज़ हुई उनकी फिल्म ''निशांत'' 1975 की सबसे चर्चित फिल्म थी। 1976 में यह फिल्म कान फिल्म समारोह में पाल्मे डी' ओर के लिए नामांकित हुई।*

## पिता के हत्यारे पुत्र को आजीवन कारावास की सजा

जयपुर, 23 दिसंबर। अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-6 महानगर द्वितीय ने आपसी झगड़े के दौरान पिता के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर हत्या करने वाले अभियुक्त पुत्र कन्हैयालाल मीणा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने 20 वर्षीय इस अभियुक्त पर पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी बालकृष्ण कटारा ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त की निशानदेही पर ही घटना में प्रयुक्त

- **बीस वर्षीय अभियुक्त पर अपने पिता के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर हत्या करने का आरोप था।**

कुल्हाड़ी बरामद हुई और एफएसएल रिपोर्ट से साफ है कि इस कुल्हाड़ी से ही हत्या हुई है। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक सत्येन्द्र सिंह ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर परिवादी शेर सिंह मीणा ने 7 जून, 2021 को सेज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि रात करीब आठ बजे उसकी चाची और किशन का फोन आया कि जल्दी से गोवर्धन चाचा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'परभनी हिंसा का पीड़ित सूर्यवंशी दलित होने के कारण मारा गया'

### राहुल गांधी ने यह भी कहा कि मृतक सोमनाथ सूर्यवंशी संविधान की रक्षा के लिए लड़ रहा था

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर। लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को सोमनाथ सूर्यबंशी के परिवार से मिले, जिनकी इस माह के आरंभ में महाराष्ट्र के परभनी में हुई हिंसा के बाद न्यायिक हिरासत में मौत हो गई थी।

पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर निशाना साधा और यह आरोप भी लगाया कि वह इसलिए मारा गया, क्योंकि वह दलित था और संविधान की रक्षा के लिए लड़ रहा था।

मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने राहुल के इस आरोप पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और कहा कि वे राजनैतिक कारणों से परभनी आए थे। मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमने न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। सच सामने आ जाएगा। अगर जांच में पता चला कि उसकी मौत पीटे जाने की वजह से हुई है, तो दोषी लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।''

उससे पहले राज्य विधानसभा में

- **महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी के इस बयान को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि सी.सी.टी.वी. फुटेज में सूर्यवंशी को पीटे जाने का प्रमाण नहीं मिला है।**

फड़नवीस ने कहा था कि सी.सी.टी.वी फुटेज में सोमवंशी के खिलाफ हिंसा के सबूत नहीं मिले हैं।

मीडिया ने गांधी को यह कहते हुये उद्धृत किया, ''कोई राजनीति नहीं की जा रही है।... विचारधारा जिम्मेदार है, चूँकि मुख्यमंत्री ने यह बयान दिया है, इसलिये मुख्यमंत्री जिम्मेदार हैं, जिन लोगों ने उसके प्राण लिये हैं, वे लोग जिम्मेदार हैं तथा जल्दी से जल्दी कार्यवाही होनी चाहिये।''

कांग्रेस नेता ने कहा कि वे, मार दिये

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )






## प्र.मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग से युवाओं को 71,000 जॉब लैटर वितरित किए

### प्रियंका गांधी ने व्यंग्यात्मक टिप्पणी की कि सरकार रोजगार के फॉर्म पर भी 18 प्रतिशत जी.एस.टी. लगा रही है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के माध्यम से 71,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले डेढ़ साल में जितनी स्थायी सरकारी नौकरियाँ दी हैं, वह अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

- **प्रियंका ने यह भी कहा कि अगर नौकरी का पेपर लीक हो जाता है या रद्द हो जाता है तो बेरोज़गार अभ्यर्थियों की यह राशि डूब जाती है।**
- **प्रियंका गांधी ने एक्स पर की गई अपनी टिप्पणी के साथ सरकारी नौकरी के विज्ञापन की कॉपी संलग्न की। इसमें एस.सी./एस.टी. सहित विभिन्न श्रेणी के अभ्यर्थियों से 18 प्रतिशत जी.एस.टी. लिए जाने का उल्लेख था।**
- **प्रधानमंत्री ने रोजगार पत्र वितरण करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह को भी श्रृद्धांजलि दी।**

उन्होंने कहा कि हजारों युवा महिलाओं को नियुक्ति पत्र दिये गये हैं। मोदी ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने पर सरकार के संकल्प पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने चौधरी चरण सिंह को उनकी वर्षगाँठ पर श्रद्धा के साथ स्मरण किया। ज्ञातव्य है कि उन्हें इस वर्ष भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा, ''हम इस दिन को किसान दिवस या राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाते हैं तथा देश के सभी किसानों, जो हमारे अन्नदाताओं को नमन करते हैं।''

प्रधानमंत्री मोदी ने चरण सिंह के इस कथन को याद करते हुये कहा कि अगर भारत के ग्रामीण क्षेत्र समृद्ध होंगे, तभी देश आगे बढ़ेगा, आज कहा कि सरकार की नीतियाँ तथा निर्णय ग्रामीण भारत में नये रोजगार एवं स्व-रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह प्रत्येक सरकारी नौकरी, जिसमें ''अग्निवीर'' भी शामिल है, के परीक्षा आवेदन पत्रों पर जी.एस.टी. वसूल रही है।

उनका यह बयान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों एवं प्रतिष्ठानों में नव-नियुक्त युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के जरिये 71,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किये जाने के बाद आया।

प्रियंका गांधी, जो केरल की वायनाड सीट से कांग्रेस सांसद हैं, ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ''भाजपा युवाओं को रोजगार नहीं दे सकती, वह तो परीक्षा-फॉर्मों पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. वसूल कर, युवाओं के ज़ख्मों पर नमक छिड़क रही है। अग्निवीर सहित सभी सरकारी नौकरियों के फॉर्मों पर जी.एस.टी. वसूला जा रहा है।''

सत्तारूढ़ दल पर प्रहार करते हुये,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | 1. कलावतीबाई पुत्री छीतरलाल हिस्सा– 1/18 जाति– गुर्जर सा. देह खातेदार 2. कालीबाई पत्नि मोहनलाल हिस्सा– 28/153 जाति– नाथ सा. पीपल्दाकला खातेदार 3. मुकेश पुत्र छीतरलाल हिस्सा– 1/18 जाति– गुर्जर सा. देह खातेदार 4. राजाराम पुत्र छीतरलाल हिस्सा– 1/18 जाति– गुर्जर सा. देह खातेदार 5. राधेश्याम पुत्र छीतरलाल हिस्सा– 1/18 जाति– गुर्जर सा. देह खातेदार 6. रामचन्द्रीबाई पत्नि स्व. छीतरलाल हिस्सा– 1/18 जाति– गुर्जर सा. देह खातेदार 7. वेदपाल पुत्र छीतरलाल हिस्सा– 74/153 जाति– गुर्जर सा. देह खातेदार 8. श्रवणलाल पुत्र छीतरलाल हिस्सा– 1/18 जाति– गुर्जर सा. देह खातेदार, | 157 | 176/321 | 1.01 | चाही तृतीय | 0.83 |
| 05 | 1. चन्द्रकला पत्नि श्यामलाल हिस्सा– 1/3 जाति– मीणा सा. देह खातेदार 2. चन्द्रकला पत्नि केलाश हिस्सा– 1/3 जाति– मीणा सा. देह खातेदार 3. द्वारकाबाई पत्नि जगदीश हिस्सा– 1/3 जाति– मीणा सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/3 ( पूर्ण खाता ) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंड़िया शाखा रामगढ, | 62 | 71/320 | 0.81 | बारानी द्वितीय | 0.43 |
| | **(कुल निजी भूमि)** | – | – | – | – | **3.96** |
| 06 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय पीपल्दा खुर्द हिस्सा– पूर्ण संस्था के लिए, | 152 | 71/322 | 0.49 | गे.मु.स्कुल | 0.20 |

## इकजाई गोशवारा (जिला बारां)

| क्र0 सं0 | नाम ग्राम | तहसील | जिला | सरकारी भूमि (है0) | वन विभाग (है0) | चारागाह (है0) | स्कूल (है0) | सार्वजनिक निर्माण विभाग (है0) | निजी भूमि (है0) | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **रामगढ बैराज लाइन** | | | | | | | | | | |
| 01 | फतेहपुरा | किशनगंज | बारां | 3.97 | – | 8.49 | – | – | 8.17 | 20.63 |
| 02 | देवपुरा | | | – | – | – | – | – | 0.46 | 0.46 |
| 03 | दुगेर | | | – | 0.92 | 0.95 | – | – | – | 1.87 |
| 04 | सावतड़ी | | | 1.61 | 18.12 | – | – | – | | 19.73 |
| | | | **योग** | 5.58 | 19.04 | 9.44 | 0 | 0 | 8.63 | 42.69 |
| **महलपुर बैराज लाइन** | | | | | | | | | | |
| 01 | नन्दगावड़ी | मॉंगरोल | बारां | 6.96 | 16.81 | – | – | – | 27.86 | 51.63 |
| 02 | सिगोला | | | 0.56 | 0.03 | – | – | – | 8.66 | 9.25 |
| 03 | पीपल्दा कलां | किशनगंज | | 6.64 | – | 52.68 | – | – | 2.26 | 61.58 |
| 04 | पीपल्दाखुर्द | | | 0.17 | – | 0.08 | 0.2 | – | 3.96 | 4.41 |
| | | | **योग** | 14.33 | 16.84 | 52.76 | 0.2 | 0 | 42.74 | 126.87 |
| | | | **कुल योग** | 19.91 | 35.88 | 62.20 | 0.2 | 0 | 51.37 | 169.56 |

## भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) दीगोद, कोटा

रामगढ़ एवं महलपुर बैराज और नवनेरा –गलवा–बीसलपुर–ईसरदा लिंक परियोजना के अन्तर्गत नवनेरा पंप हाउस के निर्माण में अवाप्त योग्य भूमि के धारा 11–12 के प्रस्ताव के तहत् प्रभावित होने वाले भूमि धारको की सूची

**नवनेरा पंप हाउस**

### ग्राम एबरा तहसील दिगोद जिला कोटा

| क्र. सं. | नाम कृषक/खातेदार | खाता संख्या | खसरा संख्या | कुल रकबा है0 | किस्म | अवाप्त योग्य रकबा है0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | राज. सरकार | 1 | 212 | 0.10 | गै.मु. तलाई | 0.10 |
| | | | 286/456 | 0.38 | बारानी प्रथम | 0.38 |
| | | | 213 | 0.64 | गै.मु. रास्ता | 0.58 |
| | | | 290 | 0.08 | गे.मु.नाला | 0.03 |
| | | | 289 | 0.06 | गे.मु.नाला | 0.04 |
| | | | 287 | 0.05 | बारानी द्वितीय | 0.04 |
| | | | 283 | 1.26 | बारानी द्वितीय | 0.50 |
| | | | 293 | 0.26 | गै.मु. रास्ता | 0.26 |
| | | | 294 | 0.63 | बारानी प्रथम | 0.63 |
| | | | 297 | 0.87 | बारानी प्रथम | 0.87 |
| | | | 311 | 1.30 | बारानी प्रथम | 0.88 |
| | | | 317 | 0.11 | बारानी प्रथम | 0.11 |
| | | | 319 | 0.18 | बारानी प्रथम | 0.18 |
| | | | 338 | 0.32 | गै.मु. रास्ता | 0.32 |
| | | | 339 | 0.20 | गै.मु नहर | 0.20 |
| | | | 341 | 0.15 | गै.मु. रास्ता | 0.15 |
| | | | 342 | 0.20 | गै.मु. नहर | 0.20 |
| | | | 345 | 0.20 | गै.मु. रास्ता | 0.20 |
| | | | 358 | 0.07 | बंजड | 0.07 |
| | | | 359 | 2.36 | बंजड | 2.36 |
| | | | 184 | 11.90 | बंजड़ | 6.24 |
| | | | 181 | 0.81 | गै.मु. रास्ता | 0.64 |
| | | | 193 | 13.50 | बंजड़ | 4.06 |
| | | | 210 | 0.04 | गै.मु. रास्ता | 0.04 |
| | | | 362/461 | 5.50 | बंजड | 4.55 |
| | | | 360 | 0.25 | बारानी तृतीय | 0.25 |
| | | | **कुल भूमि ( राजकीय भूमि )** | | | **23.88** |
| 02 | वन विभाग | 81 | 302 | 0.30 | गै. मु. चरागाह | 0.20 |
| | | | 303 | 0.22 | गै.मु. जंगलात | 0.20 |
| | | | 350 | 1.10 | गै.मु. जंगलात | 1.10 |
| | | | 184/463 | 0.50 | गै.मु. जंगलात | 0.39 |
| | | | 184/462 | 0.48 | गै.मु. जंगलात | 0.28 |
| | | | **कुल भूमि ( वन विभाग भूमि )** | | | **2.17** |
| 03 | 1. गीता बाई पुत्री सूरजमल हिस्सा– 1/8 जाति– मीना सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/8 ( पूर्ण खाता ) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंड़िया शाखा बडौद 2. नन्दकिशोर पुत्र सूरजमल हिस्सा– 1/8 जाति– मीना सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/8 ( पूर्ण खाता ) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंड़िया शाखा बडौद 3. बीना बाई पुत्री सूरजमल हिस्सा– 1/8 जाति– मीना सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/8 ( पूर्ण खाता ) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंड़िया शाखा बडौद 4. ममता बाई पुत्री सूरजमल हिस्सा– 1/8 जाति– मीना सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/8 ( पूर्ण खाता ) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंड़िया शाखा बडौद 5. रमेश पुत्र सूरजमल हिस्सा– 1/8 जाति– मीना सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/8 ( पूर्ण खाता ) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंड़िया शाखा बडौद 6. ललता बाई पुत्री सूरजमल हिस्सा– 1/8 जाति– मीना सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/8 ( पूर्ण खाता ) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंड़िया शाखा बडौद 7. लोडकी बाई पत्नि स्व. सूरजमल हिस्सा– 1/8 जाति– मीना सा. देह खातेदार 8. सियाराम पुत्र सूरजमल हिस्सा– 1⁄8 जाति– मीना सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/8 ( पूर्ण खाता ) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंड़िया शाखा बडौद, | 75 | 161 | 0.88 | बारानी तृतीय | 0.88 |
| | | | 160 | 0.09 | बारानी तृतीय | 0.09 |
| | | | 162 | 2.26 | बारानी तृतीय | 2.26 |
| | | | 163 | 0.14 | बारानी तृतीय | 0.14 |
| | | | 318 | 0.23 | बारानी प्रथम | 0.23 |
| | | | 354 | 0.70 | बारानी तृतीय | 0.70 |
| 04 | 1. केलाबाई पत्नि स्व. गजानन्द हिस्सा– 1/15 जाति– कुम्हार(प्रजापति) सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/15 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ इंड़िया शाखा कोटडादीपसिहं 2. महावीरप्रसाद पुत्र गजानन्द हिस्सा– 1/5 जाति– कुम्हार (प्रजापति) सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/5 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ इंड़िया शाखा कोटडादीपसिहं 3. रामनिवास पुत्र किशोर हिस्सा– 1/3 जाति– कुम्हार(प्रजापति) सा. देह खातेदार 4. लक्ष्मीचन्द पुत्र किशोर हिस्सा– 1/3 जाति– कुम्हार(प्रजापति) सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/3 ( पूर्ण खाता ) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंड़िया शाखा बडौद 5. विमलाबाई पुत्री गजानन्द हिस्सा– 1/15 जाति– कुम्हार(प्रजापति) सा. देह खातेदार, | 46 | 164 | 0.37 | बारानी तृतीय | 0.37 |
| | | | 215 | 1.48 | बारानी तृतीय | 1.48 |
| | | | 288 | 1.56 | बारानी द्वितीय | 1.08 |
| | | | 320 | 0.55 | बारानी प्रथम | 0.55 |
| | | | 347 | 0.32 | बारानी तृतीय | 0.32 |
| | | | 348 | 1.21 | बारानी तृतीय | 1.21 |
| | | | 349 | 0.32 | बारानी तृतीय | 0.32 |
| | | | 350/408 | 0.64 | बारानी तृतीय | 0.64 |
| | | | 206 | 0.10 | बारानी तृतीय | 0.09 |
| 05 | 1. सूरजमल पुत्र गोपाल हिस्सा– पूर्ण जाति– बैरवा सा. देह खातेदार राहिन ( पूर्ण खाता ) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंड़िया शाखा बडौद, | 73 | 165 | 1.56 | बारानी तृतीय | 1.56 |
| 06 | 1. बाबुलाल पुत्र हरजी हिस्सा– पूर्ण जाति– मीणा सा. देह खातेदार अ.विव.– नामा.न.192 राहिन ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ इंड़िया शाखा कोटडादीपसिह, | 38 | 214/397 | 0.61 | बारानी तृतीय | 0.61 |
| | | | 214/396 | 0.62 | बारानी तृतीय | 0.62 |
| 07 | रामेश्वर पुत्र हरजी हिस्सा– पूर्ण जाति– मीना सा. देह खातेदार, | 61 | 214/395 | 0.60 | बारानी तृतीय | 0.60 |
| | | | 214 | 0.61 | बारानी तृतीय | 0.61 |
| | | | 200/394 | 0.10 | बारानी तृतीय | 0.07 |
| 08 | 1. छोटूलाल पुत्र प्रभू हिस्सा– 1/5 जाति– मीना सा.देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/6 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सुल्तानपुर 2. द्रोपदी पुत्री प्रभू हिस्सा– 1/5 जाति– मीना सा.देह खातेदार 3. धनराज पुत्र प्रभू हिस्सा– 1/5 जाति– मीना सा.देह खातेदार अ.विव.– नामा.न.191,202,217 राहिन हिस्सा–1/6 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ इंड़िया शाखा कोटडादीपसिह 4. रामहेत पुत्र प्रभू हिस्सा– 1/5 जाति– मीना सा.देह खातेदार अ.विव.– नामा.न. 91,202,217 राहिन हिस्सा–1/6 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ इंड़िया शाखा कोटडादीपसिह 5. लच्छीराम पुत्र प्रभू हिस्सा– 1/5 जाति– मीना सा.देह खातेदार अ.विव.– नामा.न.191,202,217 | 27 | 216 | 1.94 | बारानी तृतीय | 1.94 |
| | | | 217 | 0.26 | बारानी तृतीय | 0.26 |
| | | | 218 | 0.54 | बारानी तृतीय | 0.54 |
| | | | 361 | 0.47 | बारानी तृतीय | 0.47 |
| 09 | साहबलाल पुत्र भेरिया हिस्सा– पूर्ण जाति– मीना सा. देह खातेदार | 69 | 219 | 0.58 | बारानी तृतीय | 0.58 |
| | | | 468/207 | 0.04 | बारानी तृतीय | 0.02 |
| | | | 182 | 0.40 | बारानी तृतीय | 0.34 |
| 10 | कँचनबाई पत्नि चन्दालाल हिस्सा– पूर्ण जाति– मीना सा. दैह खातेदार, | 4 | 220 | 0.95 | बारानी तृतीय | 0.95 |
| | | | 221 | 0.12 | बारानी तृतीय | 0.12 |
| | | | 222/421 | 0.70 | बारानी तृतीय | 0.20 |
| 11 | 1. केली पुत्री बजरंगा हिस्सा– 1/4 जाति– मीना सा.देह खातेदार अ.विव.– नामा.न.223,233 राहिन हिस्सा–1/4 ( पूर्ण खाता ) बड़ोदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा मण्डावरा 2. छीता पुत्री बजरंगा हिस्सा– 1/4 जाति– मीना सा. देह खातेदार अ.विव.– नामा.न.223,233 राहिन हिस्सा–1/4 ( पूर्ण खाता ) बड़ोदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा मण्डावरा 3. द्वारक्याबाई पुत्री रामकरण हिस्सा– 1/12 जाति– मीना सा.देह खातेदार अ.विव.– नामा.न.223,233 4. धोलीबाई पुत्री रामकरण हिस्सा– 1/12 जाति– मीना सा.देह खातेदार अ.विव.– नामा.न.223,233 राहिन हिस्सा–1/12 ( खसरा सं– 379, 384 बिना रहन ) बैंक ऑफ इंड़िया शाखा KOTADA DEEP SINGH 5. रतनीबाई पत्नि रामकरण हिस्सा– 1/12 जाति– मीना सा.देह खातेदार 6. नाबालिग रामभरत पुत्र बृजमोहन सरंक्षक संतोष हिस्सा– 1/20 जाति– मीना सा.देह खातेदार अ.विव.– नामा.न.223,233 राहिन हिस्सा–1/20 ( पूर्ण खाता ) बड़ोदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा मण्डावरा 7. नाबालिग संजया पुत्री बृजमोहन सरंक्षक संतोष हिस्सा– 1/20 जाति– मीना सा.देह खातेदार अ.विव.– नामा.न.223,233 राहिन हिस्सा–1/20 ( पूर्ण खाता ) बड़ोदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा मण्डावरा 8. संतोष पत्नि बृजमोहन हिस्सा– 1/20 जाति– मीना सा.देह खातेदार अ.विव.– नामा.न.223,233 राहिन हिस्सा–1/20 ( पूर्ण खाता ) बड़ोदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा मण्डावरा 9. हरिओम पुत्र बृजमोहन हिस्सा– 1/20 जाति– मीना सा.देह खातेदार अ.विव.– नामा.न.223,233 राहिन हिस्सा–1/20 ( पूर्ण खाता ) बड़ोदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा मण्डावरा 10. हरिराम पुत्र बृजमोहन हिस्सा– 1/20 जाति– मीना सा.देह खातेदार अ.विव.– नामा.न.223,233 राहिन हिस्सा–1/20 ( पूर्ण खाता ) बड़ोदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा मण्डावरा, | 26 | 222 | 1.71 | बारानी तृतीय | 0.41 |
| | | | 329 | 0.12 | बारानी प्रथम | 0.12 |
| | | | 326 | 0.21 | बारानी प्रथम | 0.21 |
| | | | 340 | 0.68 | बारानी प्रथम | 0.68 |
| | | | 353 | 0.20 | बारानी तृतीय | 0.20 |
| | | | 355 | 2.84 | बारानी तृतीय | 2.84 |
| | | | 211 | 1.36 | बारानी तृतीय | 1.36 |
| 12 | मांगीलाल पुत्र पीरया हिस्सा– पूर्ण जाति– मीना सा.देह खातेदार | 47 | 292 | 0.24 | बारानी तृतीय | 0.11 |
| | | | 291 | 0.56 | बारानी तृतीय | 0.43 |
| 13 | 1. अणदीलाल पुत्र किशना हिस्सा– 1/18 जाति– मीणा सा. नोनेरा खातेदार अ.विव.– नामा.न.220,238 2. ओमप्रकाश पुत्र गोबरीलाल हिस्सा– 1/18 जाति– मीणा सा. नोनेरा खातेदार अ.विव.– नामा.न.220,238 3. कंचन पत्नि स्व. मदनपाल हिस्सा– 1/18 जाति– मीणा सा. नोनेरा खातेदार अ.विव.– नामा.न.220,238 4. गंगाराम पुत्र धन्ना हिस्सा– 1/18 जाति– मीणा सा. नोनेरा खातेदार अ.विव.– नामा.न.220,238 5. गुलाबबाई पुत्री किशना हिस्सा– 1/18 जाति– मीणा सा. नोनेरा खातेदार अ.विव.– नामा.न.220,238 6. गीताबाई पुत्री किशना हिस्सा– 1/18 जाति– मीणा सा. नोनेरा खातेदार अ.विव.– नामा.न.220,238 7. चंद्रकलाबाई पुत्री मदनपाल हिस्सा– 1/18 जाति– मीणा सा. नोनेरा खातेदार अ.विव.– नामा.न.220,238 8. छगनलाल पुत्र मदनपालमांगीबाई हिस्सा– 1/18 जाति– मीणा सा. नोनेरा खातेदार अ.विव.– नामा.न.220,238 9. दिलकंवरी पुत्री किशना हिस्सा– 1/18जाति– मीणा सा. नोनेरा खातेदार अ.विव.– नामा.न. 220,238 10. बादाम पुत्री किशना हिस्सा– 1/18 जाति– मीणा सा. नोनेरा खातेदार अ.विव.– नामा.न.220,238 11. बाबूलाल पुत्र किशना हिस्सा– 1/18 जाति– मीणा सा. नोनेरा खातेदार अ.विव.– नामा.न.220,238 12. बाबूलाल पुत्र किशना हिस्सा– 1/18 जाति– मीणा सा. नोनेरा खातेदार अ.विव.– नामा.न.220,238 13. मुकुटबिहारी पुत्र मदनपालमांगीबाई हिस्सा– 1/18 जाति– मीणा सा. नोनेरा खातेदार अ.विव.– नामा.न.220,238 14. मेनाबाई पुत्री गोबरीलाल हिस्सा– 1/18 जाति– मीणा सा. नोनेरा खातेदार अ.विव.– नामा.न.220,238 15. महावीर पुत्र मदनपालमांगीबाई हिस्सा– 1/18 जाति– मीणा सा. नोनेरा खातेदार अ.विव.– नामा.न.220,238 16. मांगीबाई पुत्री मदनपाल हिस्सा– 1/18 जाति– मीणा सा. नोनेरा खातेदार अ.विव.– नामा.न.220,238 17 . रामचरण पुत्र गोबरीलाल हिस्सा– 1/18 जाति– मीणा सा. नोनेरा खातेदार अ.विव.– नामा.न.220,238 18. रामनिवास पुत्र गोबरीलाल हिस्सा– 1/18 जाति– मीणा सा. नोनेरा खातेदार अ.विव.– नामा.न.220,238, | 39 | 284 | 0.78 | बारानी द्वितीय | 0.61 |
| 14 | 1. प्रेम बाई पत्नि स्व. रामनारायण हिस्सा– 1/6 जाति– मीना सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/6 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ इंड़िया शाखा कोटडादीपसिंह 2. महावीर पुत्र रामनारायण हिस्सा– 1/6 जाति– मीना सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/6 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ इंड़िया शाखा कोटडादीपसिंह 3. मोहनलाल पुत्र रामनारायण हिस्सा– 1/6 जाति– मीना सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/6 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ इंड़िया शाखा कोटडादीपसिंह 4. राजकरन्ता पुत्री रामनारायण हिस्सा– 1/6 जाति– मीना सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/6 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ इंड़िया शाखा कोटडादीपसिंह 5. रामचन्द्र पुत्र रामनारायण हिस्सा– 1/6 जाति– मीना सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/6 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ इंड़िया शाखा कोटडादीपसिंह 6. सुमित्रा बाई पुत्री रामनारायण हिस्सा– 1/6 जाति– मीना सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/6 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ इंड़िया शाखा कोटडादीपसिंह, | 59 | 285 | 1.29 | बारानी प्रथम | 0.64 |
| | | | 286 | 0.74 | बारानी प्रथम | 0.74 |
| 15 | सोभागसिंह पुत्र चन्द्रसिंह हिस्सा– पूर्ण जाति– राजपुत सा. कोटडादीपसिंह खातेदार | 76 | 470/294 | 0.74 | बारानी प्रथम | 0.74 |
| 16 | 1. ओमप्रकाश पुत्र प्रभू हिस्सा– 1/6 जाति– मीणा सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/6 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ इंड़िया शाखा कोटडादीपसिह 2. कचनबाई पत्नि चन्दा हिस्सा– 1/6 जाति– मीणा सा. देह खातेदार 3. बाबूलाल पुत्र प्रभू हिस्सा– 1/6 जाति– मीणा सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/6 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ इंड़िया शाखा कोटडादीपसिह 4. राजमल पुत्र प्रभू हिस्सा– 1/6 जाति– मीणा सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/6 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ इंड़िया शाखा कोटडादीपसिह 5. शम्भूदयाल पुत्र चन्दा हिस्सा– 1/6 जाति– मीणा सा. देह खातेदार 6. शान्तीकुमार पुत्र चन्दा हिस्सा– 1/6 जाति– मीणा सा. देह खातेदार, | 67 | 374 | 0.08 | बारानी तृतीय | 0.07 |
| | | | 295 | 1.00 | बारानी प्रथम | 1.00 |
| | | | 371 | 0.54 | बारानी तृतीय | 0.31 |
| | | | 372 | 0.06 | बारानी तृतीय | 0.05 |
| | | | 373 | 0.15 | बारानी तृतीय | 0.14 |
| | | | 201 | 0.30 | बारानी तृतीय | 0.23 |
| 17 | 1. ओमप्रकाश पुत्र रामकिशन हिस्सा– 1/15 जाति– मीना सा. देह खातेदार अ.विव.– नामा.नं. 154,158,231 2. नाथीबाई पत्नि स्व.रामकिशन हिस्सा– 1/15 जाति– मीना सा. देह खातेदार अ.विव.– नामा.नं. 154,158,231 3. बाबूलाल पुत्र हरजी हिस्सा– 1/3 जाति– मीना सा. देह खातेदार अ.विव.– नामा.नं. 154,158,231 राहिन हिस्सा–1/3 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ इंड़िया शाखा कोटडादीपसिह 4. रंगबेल पुत्री रामकिशन हिस्सा– 1/15 जाति– मीना सा. देह खातेदार अ.विव.– नामा.नं. 154,158,231 5. रामेश्वर पुत्र हरजी हिस्सा– 1/3 जाति– मीना सा. देह खातेदार अ.विव.– नामा.नं. 154,158,231 6. सत्यनारायण पुत्र रामकिशन हिस्सा– 1/15 जाति– मीना सा. देह खातेदार अ.विव.– नामा.नं. 154,158,231 7. सुरेशकुमार पुत्र रामकिशन हिस्सा– 1/15 जाति– मीना सा. देह खातेदार अ.विव.– नामा.नं. 154,158,231, | 62 | 296 | 1.34 | बारानी प्रथम | 1.34 |
| 18 | माफीमन्दिर श्री ठाकुरजीमहाराजबिराजमानसा.देह हिस्सा– पूर्ण खातेदार, | 49 | 298 | 1.93 | बारानी प्रथम | 1.93 |
| 19 | देवा पुत्र भेरू हिस्सा– पूर्ण जाति– गुर्जर सा. देह खातेदार, | 25 | 301 | 0.52 | बारानी प्रथम | 0.05 |
| | | | 334 | 0.86 | बारानी प्रथम | 0.86 |
| 20 | 1. उर्मिला पुत्री कान्हा हिस्सा– 1/7 जाति– गुर्जर सा. देह खातेदार 2. गंगाबाई पत्नि स्व. कान्हा हिस्सा– 1/7 जाति– गुर्जर सा. देह खातेदार 3. तस्वीर पुत्री कान्हा हिस्सा– 1/7 जाति– गुर्जर सा. देह खातेदार 4. दयाराम पुत्र कान्हा हिस्सा– 1/7 जाति– गुर्जर सा. देह खातेदार 5. बाबूलाल पुत्र कान्हा हिस्सा– 1/7 जाति– गुर्जर सा. देह खातेदार 6. रामकुंवार पुत्र कान्हा हिस्सा– 1/7 जाति– गुर्जर सा. देह खातेदार 7. सियाराम पुत्र कान्हा हिस्सा– 1/7 जाति– गुर्जर सा. देह खातेदार, | 8 | 301/465 | 0.52 | बारानी प्रथम | 0.32 |
| | | | 334/466 | 0.74 | बारानी प्रथम | 0.74 |
| | | | 356 | 0.12 | बारानी तृतीय | 0.12 |
| 21 | 1. ओमप्रकाश पुत्र प्रभू हिस्सा– 1/28 जाति– मीणा सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/28 ( पूर्ण खाता ) बैंक आंफ इडिंया 2. कचनबाई पत्नि चन्दा हिस्सा– 1/12 जाति– मीणा सा. देह खातेदार 3. घीसीबाई पुत्री प्रभू हिस्सा– 1/28 जाति– मीणा सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/28 ( पूर्ण खाता ) बैंक आंफ इडिंया 4. बाबूलाल पुत्र प्रभू हिस्सा– 1/28 जाति– मीणा सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/28 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ इंड़िया शाखा कोटडादीपसिंह 5. बिरधीबाई पत्नि प्रभू हिस्सा– 1/28 जाति– मीणा सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/28 ( पूर्ण खाता ) बैंक आंफ इडिंया 6. मूर्ती पुत्री प्रभू हिस्सा– 1/28 जाति– मीणा सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/28 ( पूर्ण खाता ) बैंक आंफ इडिंया 7. मागीलाल पुत्र पीरू हिस्सा– 1/2 जाति– मीणा सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/2 ( पूर्ण खाता ) बैंक आंफ इडिंया 8. राजमल पुत्र प्रभू हिस्सा– 1/28 जाति– मीणा सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/28 ( पूर्ण खाता ) बैंक आंफ इडिंया 9. राजेश पुत्री प्रभू हिस्सा– 1/28 जाति– मीणा सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/28 ( पूर्ण खाता ) बैंक आंफ इडिंया 10. शम्भूदयाल पुत्र चन्दा हिस्सा– 1/12 जाति– मीणा सा. देह खातेदार 11. शान्तीकुमार पुत्र चन्दा हिस्सा– 1/12 जाति– मीणा सा. देह खातेदार, | 66 | 304 | 0.72 | बारानी प्रथम | 0.59 |
| | | | 314 | 2.08 | बारानी प्रथम | 2.08 |
| | | | 321 | 1.34 | बारानी प्रथम | 1.34 |

शेष अगले पृष्ठ पर..........

# 'राजस्थान मंडपम कला, संस्कृति, पर्यटन को बढ़ावा देगा'

## मुख्य मंत्री भजनलाल शर्मा ने मंडपम के निर्माण को समय से पूरा करने के निर्देश दिये

जयपुर, 23 दिसंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य की कला, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तथा सांस्कृतिक और व्यावसायिक आयोजनों के लिए राजस्थान मंडपम प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बनेगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जयपुर में बनने वाले इस मंडपम को विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त बनाया जाए तथा इसमें आधुनिक तकनीक और परंपरागत राजस्थानी वास्तुकला का बेहतरीन संयोजन किया जाए। उन्होंने मण्डपम के निर्माण को समयान्तर्गत पूरा करने के निर्देश दिए।

सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान मण्डपम के निर्माण की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि भारत मण्डपम की तर्ज पर जयपुर में राजस्थान मण्डपम का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसमें बनने वाले एग्जीबिशन हॉल, ओपन हॉल तथा ऑडिटोरियम में दर्शक क्षमता का पूरा ध्यान रखा जाए, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भागीदारी कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया तथा वन नेशन वन प्रोडक्ट के तहत, स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए मंडपम में यूनिटी मॉल का भी निर्माण किया जाएगा। अधिकारियों को इस मॉल में सभी तरह की आवश्यक सुविधाएं विकसित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यहां संसाधन विकसित किये जाएं। उन्होंने मंडपम में बनने वाले यूनिटी मॉल, पार्किंग, दुकानों एवं ऑडिटोरियम सहित पूरे मास्टर प्लान की समीक्षा की।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग, अजिताभ शर्मा, रीको के प्रबंध निदेशक इंद्रजीत सिंह, एनबीसीसी के मुख्य प्रबंध निदेशक के पी महादेव स्वामी सहित, अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान मण्डपम के निर्माण की तैयारी बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा, राज्य की कला, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ ावा देने के लिए तथा सांस्कृतिक और व्यावसायिक आयोजनों के लिए राजस्थान मंडपम प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बनेगा।*

- **मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि मंडपम में बनने वाले एग्ज़ीबिशन हॉल, ओपन हॉल व ऑडिटोरियम में दर्शक क्षमता का पूरा ध्यान रखें।**

# लोक अदालत ने 40.62 लाख केस निपटाये

जयपुर, 23 दिसंबर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से हाईकोर्ट सहित, प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में साल की अंतिम लोक अदालत आयोजित की गई। लोक अदालत में राजीनामे से 7.28 हजार लंबित मामलों सहित, कुल 40.62 लाख प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसके साथ ही, 11.75 अरब रुपए से अधिक के अवार्ड भी पारित किए गए।

जयपुर पीठ में लोक अदालत का शुभारंभ हाईकोर्ट के जस्टिस व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस पंकज भंडारी ने किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत हर नागरिक के लिए न्याय प्राप्त करने का सुगम व सुलभ साधन है।

- **हाई कोर्ट व अधिनस्थ अदालतों ने 11.75 लाख रुपये के अवॉर्ड भी पारित किये।**

लोक अदालत एक ऐसी जगह है, जहां विवाद के समाधान की प्रक्रिया में पक्षकार खुद ही भाग लेता है और विवाद का समाधान ही खुद तय करते हैं। हाईकोर्ट की जयपुर पीठ में लोक अदालत के जरिए 655 केसों का राजीनामे के जरिए निस्तारण किया गया। सांगानेर मुख्यालय पर भी लोक अदालत में पांच से दस साल पुराने मामलों व अन्य केसों सहित 726 मामलों का निस्तारण राजीनामे के जरिए हुआ।

इनमें पक्षकारों को 2.83 करोड़ रुपए के अवार्ड जारी किए गए।

# रणथंभौर में टाइगर टी 2309 की मौत

## आमा घाटी में मिले शव का पोस्टमार्टम कर विधिवत् अंतिम संस्कार किया गया

सवाईमाधोपुर, 23 दिसंबर, (निस)। वन्यजीव प्रेमियों के लिये सोमवार को एक बार फिर रणथंभौर नैशनल पार्क से एक बेहद दु:खद खबर सामने आई। पार्क के आमा घाटी वन क्षेत्र में विचरण करने वाले युवा टाइगर टी 2309 की मौत हो गई।

सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद, टाइगर के शव को अपने कब्जे में लेकर राजबाग नाका चौकी ले गए, जहां मेडिकल बोर्ड की मौजूदगी में टाइगर के शव का पोस्टमार्टम किया गया और उसके बाद उसका अंतिम संस्कार किया गया। पोस्टमार्टम में टाइगर के शरीर पर घाव के निशान मिले हैं, जिससे संकेत मिलता है कि दूसरे टाइगर के साथ उसकी लड़ाई हुई होगी।

- **टाइगर टी 2309 की टेरिटरी, आमा घाटी में एक और टाइगर, टी 120 गणेश भी विचरण करता था। संभवतः दोनों टाइगरों के बीच संघर्ष में टी 2309 की मौत हुई। पोस्टमार्टम में टेरिटोरियल फाइट के घाव के निशान मिले।**

रणथंभौर के मुख्य वन संरक्षक अनूप के आर ने बताया कि रणथंभौर के आमा घाटी वन क्षेत्र में विचरण करने वाले टाइगर टी 2309 की टेरिटरी में दूसरा टाइगर टी 120 गणेश भी विचरण करता है। संभवतया टी 120 गणेश के साथ संघर्ष में ही टाइगर टी 2309 की मौत हुई है।

वनाधिकारियों के मुताबिक, सोमवार को गश्त के दौरान, वनकर्मियों को रणथंभौर के आमा घाटी वन क्षेत्र में टाईगर टी 2309 का शव पड़ा हुआ मिला था, वनकर्मियों ने इसकी सूचना वनाधिकारियों की दी, जिसके बाद रणथंभौर के डीएफओ रामानंद भाकर सहित, अन्य वनाधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में कर राजबाग नाका चौकी ले गए।

वन अधिकारियों ने बताया कि टाइगर टी 2309, रणथंभौर की बाघिन टी 105 नूरी की संतान है। मृत टाइगर की उम्र करीब साढ़े तीन साल है। वन्यजीव प्रेमियों का कहना है कि टेरिटोरियल फाइट में युवा टाइगर की इस तरह से मौत होना बेहद दुखद है, इससे वन विभाग द्वारा की जा रही बाघों की ट्रैकिंग एंव मॉनिटरिंग पर कई तरह के सवाल खड़े होते हैं।

## अडानी ग्रुप ने...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उन्होंने कहा, यह अधिग्रहण हमारी इस सोच से जुड़ा है।

एक इंटीग्रेटेड एविएशन सर्विस इकोसिस्टम बनाया जाए, जो भारत के एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर को और सुदृढ़ करेगा। हमारा लक्ष्य भारत के आसमान के भविष्य को आकार देना है।

## पिता के हत्यारे ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के घर पहुंचें। वहां पहुंचने पर उसने देखा की गोवर्धन घर के बाहर दीवार के पास चित्त अवस्था में पड़े हैं। ऐसे में उसे शक हुआ कि उसके चाचा की कन्हैयालाल या किसी अन्य ने हत्या कर दी है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि गोवर्धन शराब पीने का आदी था और अभियुक्त भी गांजे का नशा करता था। ऐसे में घटना के दिन दोनों में किसी बात पर झगड़ा हो गया और अभियुक्त ने कुल्हाड़ी से पिता गोवर्धन के सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी।

# बाँग्लादेश ने भारत से लिखित...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- **बीज़िंग व पाकिस्तान से अफसरों व नेताओं का आवागमन बढ़ा है, जो भारत के लिए चिंता का विषय है।**
- **पर, क्या एक ''फेल देश'' एक दूसरे देश की मदद कर सकता है, जो ''फेल'' होने के कगार पर है।**

शामिल है और सरकार के विरोध को दबाने के लिए सेना के दुरुपयोग का भी उन पर आरोप लगाया है। हिरासत में हुई कई मौतों के लिए हसीना को आरोपी बताया गया है।

बाँग्लादेश की सरकार वैध संवैधानिक प्रक्रिया से निर्वाचित नहीं है, इसलिए भारत सरकार इसके डिप्लोमैटिक नोट की अनदेखी कर सकती है।

हसीना के प्रत्यार्पण पर भारत से सीधे टकराने की बजाय बाँग्लादेश अन्य मांगे कर रहा है, जिनसे भारत को परेशानी हो सकती है। अभी तक सीमा पार आतंक से निपटने में बाँग्लादेश ने भारत का सहयोग किया था।

लेकिन अब बाँग्लादेश ने भारत विरोधी गतिविधियों के कारण जेल में बंद आतंकियों को छोड़ दिया है तथा जो आतंकी भारत को धमकियां देते हैं, उन्हें भी शरण दी जा रही है।

बाँग्लोदश, पाकिस्तानी संगठनों को देश में अपनी गतिविधियाँ पुन: शुरु करने के लिए आमंत्रित कर रहा है। सरकारी अधिकारियों व एजेन्टों ने व्यापारियों को भारत से आयात रोकने के निर्देश दिए और कहा है कि पाकिस्तान तथा इस्लामिक देशों से सामान मंगवाएं।

ऐसे में, जब, पाकिस्तान स्वयं भारी संकट में है और उसकी अर्थव्यवस्था डांवाडोल हो रही है, पाकिस्तान से आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं का आयात करने के लिए उस देश से संबंध बढ़ाने के प्रयास भारी नुकसानदायक हो सकते हैं। एक हारा हुआ असफल देश, असफलता की कगार पर पहुँचे दूसरे देश की क्या मदद कर सकता है।

पाकिस्तानी जहाज, पाकिस्तान बंदरगाह पहुँच रहे हैं। बीज़िंग और पाकिस्तान से बढ़ती आवाजाही भारत के लिए चिंता का सबब है, क्योंकि इससे हथियार लाए जा रहे है। बाँग्लादेश ने चीन और पाकिस्तान से मदद मांगी है।

भारत को इस सब का प्रभावी जवाब देना होगा, क्योंकि उपमहाद्वीप में बाँग्लादेश की स्थिति सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। भारत को बचाव के उपाय करने होंगे।

बाँग्लादेश के मुख्य सलाहकार यूनुस ने हाल ही में मिस्र की राजधानी काइरो में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से मुलाकात की और उसके बाद से कई जहाज चटगाँव बंदरगाह आए हैं।

# घायल सांसदों को अस्पताल से छुट्टी मिली

नयी दिल्ली, 23 दिसंबर। राष्ट्रीय राजधानी के सरकारी राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती लोकसभा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को छुट्टी दे दी गयी है। संसद परिसर में बीते गुरुवार को धक्का मुक्की में घायल होने के बाद, इन दोनों सांसदों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

अस्पताल ने सोमवार को यहां बताया कि दोनों सांसदों को छुट्टी दे दी गई है। दोनों सांसदों को धक्का मुक्की में घायल होने के बाद गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती कराया गया था। सारंगी की आंख के ऊपर गहरी चोट लगी थी, जबकि राजपूत ने सिर में भारीपन और चक्कर आने की शिकायत की थी।

दोनों सांसदों की एमआरआई जांच कराई गई और उन्हें नियमित निगरानी में रखा गया। दोनों सांसदों को 19 दिसंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# डिजिटल ठगों ने इंजीनियर से 12 करोड़ रू. लूटे

## 11 नवम्बर से 12 सितम्बर तक इंजीनियर को डरा कर 11 करोड़ 84 लाख रूपये 9 खातों में ट्राँसफर कराये

बंगलुरु, 23 दिसंबर। देश में डिजिटल फ्रॉड के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ताजा मामला बंगलुरु का हैं, जहां डिजिटल ठगों ने एक इंजीनियर को अपना शिकार बनाया है और इंजीनियर से करीब 12 करोड़ रुपए ठगे। इस घटना के सामने आने के बाद साइबर दुनिया में हड़कंप मच गया है। बेंगलुरु नार्थ डिवीजन के तहत 39 साल के एक इंजीनियर ने डिजिटल ठगों के चक्कर में पड़कर करीब 12 करोड़ रुपए गंवा दिए हैं। इस युवक को जब तक ये पता चला कि उसके साथ डिजिटल ठगी हुई है, तब तक उसकी सारी कमाई लुट चुकी थी।

इस युवक ने पुलिस की साइबर, इकोनॉमिक और नारकोटिक्स यानी सीईएन ब्रांच में 12 दिसम्बर को एक शिकायत दर्ज करवाई। इस शिकायत में युवक ने पुलिस को बताया कि 11 नवम्बर से 12 दिसम्बर के बीच डिजिटल ठगों ने युवक से 11 करोड़ 84 लाख रुपए ऐंठ लिए।

- **टी.आर.ए.आई., कस्टम व ई.डी. तथा पुलिस अधिकारी बनकर वीडियो कॉल पर डिजिटल अरैस्ट की बात कर ठगों ने यह वारदात की।**

पुलिस में दी गई शिकायत के मुताबिक, इस युवक को 11 नवम्बर को एक आईवीआर फोन आया, जिसमें कहा गया कि ये कॉल टेलीकॉम रेग्युलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी टीआरएआई से है। उसके फोन नम्बर का मिसयूस हुआ है और 2 घंटे में उसका फोन कट जाएगा। उसने जब कारण पूछा तो उसे 8791120937 से एक फोन आया और सामने वाले ने कहा कि वो मुम्बई के कोलाबा से क्राइम ब्रांच का अफसर है और उसके आधार नम्बर के साथ कोलाबा में एक केस दर्ज हुआ है, उसे बताया गया कि नरेश गोयल नाम के एक व्यक्ति को 6 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग के केस में पकड़ा गया है, और इसमें उसके आधार कार्ड और फोन की डिटेल्स मिली हैं।

ये युवक डर गया जिसके बाद उसे एक और नम्बर 7420928275 से फोन आया और उसने खुद को कस्टम और ई.डी. का अधिकारी बताया और इस युवक को डिजिटल अरेस्ट करने की बात कहते हुए उससे मोबाइल फोन पर 2 एप और स्काईप डाउनलोड करने को कहा।

इसके बाद पुलिस अधिकारी का वेश बनाकर एक और ठग ने 9997342801 से वीडियो कॉल किया और उसे बताया कि अब ये केस सुप्रीम कोर्ट में चला गया है और न सिर्फ वो बल्कि उसके परिवार के बाकी लोगों को भी अब जिंदगी भर जेल में रहना होगा। ये युवक बुरी तरह डर गया और इसका फायदा उठाते हुए ठगों ने उसके बैंक में जमा राशि की सारी जानकारी उससे ले ली और उससे कहा कि उसे अपने अकाउंट से पैसे आरबीआई के अकाउंट में जमा कराने होंगे और एक बार वेरिफिकेशन हो जाने के बाद ये रुपये उसके अकाउंट में वापस भेज दिए जाएंगे।

जिसके बाद 11 नवम्बर को उसने आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के एक अकाउंट में 75 लाख जमा कराए, उसके अगले दिन यूसीओ बैंक के एक अकाउंट में 3 करोड़ 14 लाख जमा कराए, इसके बाद उसे मनी लॉन्ड्रिंग के इस केस से बाहर निकालने के लिए और रुपयों की डिमांड की गई, चूंकि पीड़ित बुरी तरह घबराया हुआ था।

## प्र.मंत्री ने वीडियो ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उन्होंने कहा कि फॉर्म भरने के बाद, अगर सरकारी तंत्र की असफलता के कारण पेपर लीक हो जाते हैं या भ्रष्टाचार होता है तो युवाओं का यह पैसा बर्बाद हो जाता है।

प्रियंका ने कहा कि माता-पिता तो अपना जीवन समर्पित कर देते हैं तथा अपने बच्चों की पढ़ाई तथा परीक्षाओं की तैयारी पर खर्च के लिये एक-एक पैसा बचाते हैं, ''लेकिन भाजपा सरकार ने उनके सपनों को आय के स्त्रोत के रूप में बदल दिया है।''

कांग्रेस सांसद ने अपनी पोस्ट के साथ, सरकारी नौकरी का एक विज्ञापन भी शेयर किया है, जिसमें एस.सी./ एस.टी. सहित, विभिन्न श्रेणियों के उम्मीदवारों को 18 प्रतिशत जी.एस.टी. वसूला जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस तथा इंडिया ब्लॉक के अन्य राजनैतिक दल सरकार की आलोचना करते हुये कहते आ रहे हैं कि सरकार बेरोजगारी के मुद्दे के समाधान में कथित रूप से असफल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर नरेन्द्र मोदी सरकार पर जबरदस्त हमला बोला था तथा बेरोजगारी को इस सरकार के शासनकाल का सबसे बड़ा अभिशाप बताया था।

# 'परभनी हिंसा का पीड़ित ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गये तथा पीटे गये लोगों के परिवारों से मिले हैं तथा उन्होंने पोस्ट-मॉर्टम रिपोर्ट, वीडियोज़ तथा फोटोग्राफ देखे हैं। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि सूर्यवंशी की मृत्यु ''शत-प्रतिशत रुप से, पुलिस कस्टडी में हुई मौत है।''

परभनी में हिंसा की शुरुआत उस समय हुई, जब 10 दिसम्बर को शहर के रेलवे स्टेशन के बाहर डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति के पास रखी शीशे में बन्द संविधान की प्रतिकृति को क्षति पहुँचाई गई।

परभनी के शंकर नगर निवासी सोमनाथ सूर्यवंशी को हिंसा के संदर्भ में गिरफ्तार किया गया था तथा न्यायिक अभिरक्षा के दौरान, 15 दिसम्बर को उसकी मृत्यु हो गई। उस समय उसने सीने में दर्द की शिकायत की थी। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने पुलिस को संदेश देने के लिये, विधानसभा में झूठ बोला था। राज्य भाजपा अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले ने राहुल गांधी की आलोचना करते हुये, उनके दौरे को एक ''ड्रामा'' बताया। उन्होंने गांधी से कहा कि ''फोकस इस बिन्दु पर होना चाहिये कि रचनात्मक साधनों के जरिये, समाज को कैसे लाभान्वित किया जाये।''

# पीलीभीत में 3 खालिस्तानी आतंकी मारे गए

पीलीभीत, 23 दिसंबर। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में यूपी और पंजाब पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। यूपी और पंजाब पुलिस ने मुठभेड़ में तीन खालिस्तानी आतंकियों को मार गिराया है। तीनों आतंकी खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स आतंकी संगठन के थे। मौके से दो एके-47 और दो पिस्टल बरामद की गई हैं। तीनों आतंकियों ने गुरदासपुर चौकी पर ग्रेनेड फेंका था।

पूरनपुर क्षेत्र में पंजाब और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है। पूरनपुर क्षेत्र में हरदोई ब्रांच नहर के करीब सोमवार सुबह करीब पांच बजे मुठभेड़ हुई। मारे गए आतंकियों में गुरदासपुर निवासी गुरविंदर सिंह, वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि और जसप्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह हैं।

पीलीभीत एस.पी. अविनाश पांडेय ने बताया कि सोमवार सुबह थाना पूरनपुर पहुँची पंजाब की गुरदासपुर पुलिस की टीम ने सूचना दी कि कुछ दिन पहले गुरदासपुर में बख्शीवाल पुलिस चौकी पर खालिस्तानी आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया था और उनके पूरनपुर क्षेत्र में छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद तुरंत पूरे जिले की नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू की गई।

इसी बीच, खमरिया पॉइंट पर तैनात पुलिसकर्मियों ने सूचना दी कि एक बाइक पर तीन संदिग्ध नज़र आए हैं। उनके पास कुछ संदिग्ध वस्तुएं हैं और ये लोग बाइक से पीलीभीत की तरफ गए हैं। पंजाब पुलिस और पूरनपुर पुलिस ने उनका पीछा किया, आगे के थानों को अलर्ट किया गया। एस.पी. अविनाश पांडेय ने बताया कि पूरनपुर और पीलीभीत के बीच निर्माणाधीन पुल पर इन लोगों को पुलिस ने घेरा तो ये लोग एक पटरी की तरफ मुड़ गए। इसके बाद उन्हें रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में तीनों आतंकियों को गोलियाँ लगीं। हॉस्पिटल में उनकी मौत हो गई। पंजाब पुलिस ने बताया कि इन आतंकियों का विदेशी कनेक्शन है।

## मानवाधिकार...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आपातकालीन दरवाजों का नहीं होना, ऐसी घटनाओं को और अधिक गंभीर बना देता है। इसके अलावा, फिटनेस और परमिट की अवधि बीतने के बाद भी ऐसे वाहनों का सार्वजनिक मार्गो पर चलना यह दर्शाता है कि परिवहन और यातायात विभाग अपने विधिक दायित्वों की पालना नहीं कर रहे हैं।






सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908